Title: Need to repair Gwalior-Bareili link road in Etawah Lok Sabha constituency in Uttar Pradesh.

श्री रघुराज सिंह शाक्य (इटावा) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र एटा में ग्वालियर-बरेली मार्ग भी है। यह मामला इस सदन में पहले भी उठाया गया था। इस मार्ग को राट्रीय राजमार्ग घोाित किया गया है, लेकिन इस मार्ग पर नया काम न करके मरम्मत का काम किया गया है, जबकि पूरा काम करना चाहिए था। जो काम किया भी गया है, वह मानक के अनुसार नहीं किया गया है। मैं भूतल परिवहन मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि उनके मंत्रालय द्वारा जो सड़क बनाई गई थी, वह सड़क खराब हो चुकी है। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि इस मार्ग के विकास के लिए अलग से पैकेज दिया जाए, जिससे सड़क की मरम्मत की जा सके और जनता को राहत मिल सके।